हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, सोमवार, 23 जून 2025

## बंद घर से चोरों ने उड़ाया 3.77 लाख का माल

**नागपुर.** शहर के नंदनवन थाना क्षेत्र में एक चोरी की घटना सामने आई है, जिसमें अज्ञात चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी, आभूषण व इलेक्ट्रॉनिक सामान चुरा लिया। घटना के संबंध में नंदनवन पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस द्वारा आगे की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्लॉट नं. 778, न्यू नंदनवन ले-आउट स्थित मकान में रहने वाले रामगोविंद रामचंद्र खोब्रागडे (74 वर्ष) अपने परिवार के साथ दिनांक 16 जून से 20 जून 2025 तक गुजरात भ्रमण पर गए हुए थे। इस दौरान उनके मकान पर ताला लगा हुआ था। दिनांक 20 जून को सुबह 11 बजे जब वे वापस लौटे, तो देखा कि उनके घर का मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। घर के भीतर प्रवेश करने पर पाया गया कि बेडरूम की अलमारी से 1,00,000 नकद, सोने-चांदी के आभूषण, डीवीआर और हार्ड डिस्क सहित कुल 3,77,500 मूल्य का माल चोरी हो चुका है।

# नाग नदी संरक्षण और शहर के विकास कार्यों की समीक्षा

**बैठक में दिये गए निर्देश**

**नागपुर.**

नाग नदी में प्रदूषण को रोकने के लिए शहर के वीएनआईटी और डॉ. पंजाबराव कृषि विश्वविद्यालय (पीकेवी) में स्थापित किये जाने वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के काम में तेजी लाई जाए, तथा अन्य शहरों में जलापूर्ति और सीसीटीवी प्रणाली के काम को तुरंत पूरा किया जाए, ऐसे निर्देश आज मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिये। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शहर में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर राज्य के राजस्व मंत्री तथा नागपुर जिले के पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, विधायक कृष्णा खोपड़े, विधायक प्रवीण दटके, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव गोविंदराज




केएच, मनपा आयुक्त तथा प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी, महामेट्रो के प्रबंध निदेशक श्रवण हार्डिकर, महाराष्ट्र राज्य अवसंरचना विकास महामंडल (एमएसआईडीसी) के प्रबंध निदेशक बृजेश दीक्षित, जिला कलेक्टर डॉ. विपिन इटनकर, नागपुर सुधार ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय मीना, अतिरिक्त आयुक्त वसुमना पंत, अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी, अतिरिक्त आयुक्त अजय चरथंकर सहित मनपा, एनआईटी, महावितरण, जिलाधीश कार्यालय तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित थे।

**वीएनआईटी तथा पीकेवी में एसटीपी :** मुख्यमंत्री फडणवीस ने सुझाव दिया कि वीएनआईटी तथा पीकेवी क्षेत्रों में बनने वाले इन एसटीपी प्रोजेक्टों को मुंबई के धारावी की तर्ज पर छोटे क्षेत्र में बनाया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने टीसीएस के इस प्रोजेक्ट को तत्काल पूरा करने के लिए तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

**सुचारू जलापूर्ति :** पानी की टंकियों से कम दबाव में जलापूर्ति होने के कारण कई इलाकों में पानी नहीं मिल पा रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस संबंध में कदम उठाने के निर्देश दिये हैं।

### सीसीटीवी होंगे दो महीने में शुरू

इस अवसर पर शहर के एकीकृत यातायात प्रबंधन के तहत सीसीटीवी कैमरा व्यवस्था की समीक्षा की गई। मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी ने बताया कि बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को चालू करने के लिए छह टीमें काम कर रही हैं और अगले दो महीने में सभी सीसीटीवी कैमरे चालू हो जाएंगे।

### नई डीपीआर

मुख्यमंत्री फडणवीस ने सुझाव दिया कि यह डीपीआर नागपुर शहर के भविष्य के विकास को ध्यान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। इस अवसर पर महावितरण द्वारा विकास कार्य किए जाने के बाद मनपा द्वारा खोदी गई सड़कों का काम तुरंत पूरा करने के निर्देश दिये गए।

# विदर्भ की मराठी फिल्म 'रायबा इमानदार' जल्द होगी रिलीज

### राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने किया फिल्म के पोस्टर का अनावरण



**नागपुर.**

ईमानदारी, नैतिकता और सामाजिक संदेश को समेटे मराठी फिल्म 'रायबा इमानदार' के पोस्टर का अनावरण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने किया। विदर्भ में कई मराठी फिल्में बन रही हैं, जिनमें विज्ञापन और डॉक्यूमेंट्री भी शामिल हैं। अब एक नई फिल्म 'रायबा इमानदार' का निर्माण हो रहा है। इस अवसर पर फिल्म के निर्माता और लेखक सचिन घोडे भी मौजूद थे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मल्लिकार्जुन रेड्डी, पूर्व जिला परिषद सदस्य शुभांगी गायधने, संताजी समाज सेवा संस्था काटोल के अध्यक्ष किशोर रेवतकर, छायाकार पवन पिपरोड़े, उपसरपंच शुभम हटवार, संकेत घोडे, हर्षाली घोडे, प्रीति तागडे, देवांशी आष्टनकर, अनवित घोडे अक्षद आष्टनकर, निजी सहायक - राजेश गोलर, देवीदास लोनारे उपस्थित थे। इस अवसर पर चंद्रशेखर बावनकुले ने फिल्म के कलाकारों, फिल्म की अवधारणा और सामाजिक परिप्रेक्ष्य की प्रशंसा की। फिल्म 'रायबा इमानदार' राजनीति में संघर्ष, नैतिक पतन और उसके समाधान की खोज करती है। सत्य और न्याय के लिए एक आम व्यक्ति के संघर्ष की यह कहानी निश्चित रूप से दर्शकों के लिए विचारोत्तेजक है। सचिन घोडे ने इस फिल्म के माध्यम से समाज की वास्तविकता को दर्शकों के सामने पेश करने की कोशिश की है, और उनके लेखन की ताकत और निर्देशन में ईमानदार दृष्टिकोण जल्द ही बड़े पर्दे पर दिखाई देगा। फिल्म जल्द ही पूरे महाराष्ट्र में रिलीज होगी और सभी कलाकारों और निर्माताओं ने विश्वास जताया कि 'रायबा इमानदार' दर्शकों के दिलों में जगह बनाएगी।

# मलक नगर झोपड़पट्टी निवासियो को 70 साल बाद मिला इंसाफ़

> वक़्फ़ ज़मीन अब लीज पर देने का फैसला, लंबे संघर्ष के बाद मिला न्याय
> 121 अल्पसंख्यक समुदाय समेत 283 गरीब परिवारों को ज़मीन पर मिलेगा मालिकाना हक़
> मुख्यमंत्री फडणवीस के मार्गदर्शन और प्यारे ख़ान-राजू पारवे के हस्तक्षेप के बाद निर्णय

**नागपुर.**

नागपुर जिले के उमरेड तहसील के मलक नगर में बसे 121 अल्पसंख्यक समुदाय समेत 283 गरीब परिवारों के लिए 70 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद राहत की खबर सामने आई है। वर्षों से जिस वक़्फ़ ज़मीन पर ये लोग रह रहे थे, उस पर अब उन्हें वैध लीज़ के ज़रिए मालिकाना हक़ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन और महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्याक आयोग के अध्यक्ष (मंत्री दर्जा) प्यारे ख़ान व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजू पारवे के हस्तक्षेप के बाद महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है.

रविवार को महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्याक आयोग के अध्यक्ष प्यारे ख़ान ने मलक नगर का दौरा किया और स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व क्षेत्र के पूर्व विधायक राजू पारवे, मेहदीबाग़ ट्रस्ट के प्रतिनिधि के रूप में नूर मलक, सैफ़ूदीन मलक आदि उपस्थित थे। बैठक में ज़मीन लीज़ पर देने के प्रस्ताव पर सहमति बनी, जिसे अब मुंबई में होने वाली अल्पसंख्याक आयोग, महसूल विभाग और वक़्फ़ बोर्ड की बैठक में आधिकारिक मंज़ूरी दी जाएगी।

120 एकड़ पर फैली मलक नगर झोपड़पट्टी पर मेहदीबाग का मालिकाना हक है. जिसे वक्फ में दान दी गई थी. हालाकि, वर्षों से इस जमीन पर 283 परिवार अवैध रूप से रह रहे थे। जिसमे अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े 121 परिवार भी शामिल थे. इनमें 109 नवबौद्ध, 11 मुस्लिम, 1 ईसाई, व अन्य समुदायों का समावेश है.



समय-समय पर जमीन से अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी जा रही थी. ऐसे ने स्थानीय लोगों ने राजू पारवे से स्थायी स्वामित्व की मांग की।

उन्होंने मामले को वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष उठाया और महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्याक आयोग के अध्यक्ष श्री प्यारे ख़ान से हस्तक्षेप का आग्रह किया। चूँकि, इस ज़मीन पर बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदायों का बसेरा था. और यह संपत्ति मेहदीबाग द्वारा वक़्फ़ में दान की गई थी. ऐसे में श्री ख़ान ने मेहदीबाग के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जमींन को स्थानीय लोगो को लीज पर देने का निर्णय लिया. इस फैसले के बाद पारवे ने कहा,"मैंने कई बार अधिकारियों से आग्रह किया, लेकिन समाधान नहीं मिला। जब मैंने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष प्यारे खान से निवेदन किया, उन्होंने तुरंत सकारात्मक निर्णय लिया और 30 दिनों के भीतर कार्यवाही पूरी कर दी। 70 वर्षों से रुका हुआ न्याय अब मिल रहा है। आयोग अध्यक्ष प्यारे ख़ान ने बताया, "मुझे 283 परिवारों का सामूहिक निवेदन प्राप्त हुआ। इस निवेदन में अल्पसंख्यक समुदाय की संख्या अधिक थी. ये सभी बेहद कमजोर आर्थिक स्थिति में हैं. इसलिए मैंने इस मामले में हस्तक्षेप किया और सभी पक्षों से बात कर समाधान निकाला। अब सभी परिवारों को वैध लीज़ के ज़रिए हक़ मिलेगा। करीब 120 एकड़ क्षेत्र में फैली मलक नगर बस्ती वर्षों से अनिश्चितता में थी। अब वैधता मिलने से न केवल इन परिवारों को स्थायित्व मिलेगा, बल्कि उनकी पीढ़ियों को कानूनी और सामाजिक सुरक्षा भी प्राप्त होगी। यह निर्णय नागरिक अधिकारों की दिशा में एक अहम क़दम माना जा रहा है।

# महावितरण के स्मार्ट मीटर होंगे पोस्टपेड न कि प्रीपेड- संचालक सचिन तालेवार




**नागपुर.**

महावितरण द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर प्रीपेड नहीं, बल्कि पारंपरिक मीटर की तरह पोस्टपेड ही रहेंगे। यह जानकारी महावितरण के संचालक (संचालन एवं प्रकल्प) सचिन तालेवार ने आज नागपुर में दी। उन्होंने बताया कि इन स्मार्ट मीटरों में केवल 'कम्युनिकेशन' की अतिरिक्त सुविधा दी गई है, जिससे उपभोक्ता अपने बिजली उपयोग की अधिक सटीक निगरानी और योजना बना सकेंगे। तालेवार ने स्पष्ट किया कि बकाया भुगतान नहीं करने वाले ग्राहकों को पहले की तरह ही 15 दिन पहले सूचना दी जाएगी, उसके बाद ही बिजली आपूर्ति बंद की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि मोबाइल ऐप के माध्यम से उपभोक्ता अपने बिजली खपत का विस्तृत निरीक्षण और नियंत्रण कर सकेंगे। वे नागपुर में आयोजित एक समीक्षा बैठक में बोल रहे थे, जिसमें नागपुर, गोंदिया, चंद्रपुर, अमरावती और अकोला परिक्षेत्रों के अधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में उन्होंने उपभोक्ताओं को निरंतर और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति देने तथा शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। तालेवार ने मार्च 2025 की तुलना में इस माह तक बकाया की 100% वसूली और चालू बिलों की पूर्ण वसूली के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राहक मैपिंग, लोड शिफ्टिंग और एमएफ संबंधी समस्याओं से होने वाले नुकसान को तुरंत ठीक करने का आदेश दिया। एक ही पते पर कई कनेक्शन की युद्धस्तर पर जांच करने तथा नई कनेक्शन और लोड वृद्धि के कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिये। सौर ऊर्जा परियोजनाओं से पहले सभी प्रणालियों को मजबूत करने और लंबित परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए पर्याप्त संसाधन और जनशक्ति लगाने पर बल दिया गया।

उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की भी बात कही। बैठक में मुख्यमंत्री सौर कृषी वाहिनी योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, दिवाकालीन कृषि बिजली आपूर्ति, सोलरग्राम, मॉडल सौर गांव, उपकेंद्र सशक्तिकरण, बिजली लाइन रखरखाव, और लंबित कनेक्शन जैसे विषयों की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता सुहास रंगारी, दिलीप दोडके, हरीश गजबे, राजेश नाइक और अधीक्षण अभियंता अमित परांजपे, मंगेश वैद्य, संजीव वाकडे, अनिल वाकोडे, दीपक देवहाते सहित नागपुर क्षेत्र के सभी कार्यकारी अभियंता उपस्थित थे।

# 'ऑपरेशन थंडर' : 12 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ 4 गिरफ्तार

> इमामवाड़ा पुलिस की कार्रवाई

**नागपुर.**

शहर में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन थंडर' के तहत, इमामवाड़ा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 12 लाख रुपये की एमडी पाउडर जब्त किया है और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग की मारुति स्विफ्ट कार (एम एच 49, बीबी 0613) में कुछ लोग एमडी बेचने के लिए ले जा रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर, 21 जून 2025 को दोपहर 12:35 बजे से 2:40 बजे के बीच, इमामवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के टी.बी. वार्ड चौक से जाटतरोड़ी चौक की ओर जाने वाली सड़क पर जाल बिछाया गया। जैसे ही संदिग्ध वाहन दिखाई दिया, उसे रोका गया और उसमें सवार चार लोगों को नीचे उतारा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपनी पहचान नीलेश लक्ष्मणराव देशमुख (34, सिरसपेठ, तेलीपुरा, इमामवाड़ा, 2) प्रणय उर्फ सुमित गोपालराव गायधने (31, सिरसपेठ, इमामवाड़ा), आशीष प्रकाश मड़ावी (31, एन.आई.टी. गार्डन के पास, सिरसपेठ, इमामवाड़ा) और शुभम उर्फ भुरा राजेश तिड़के (30, क्वार्टर नंबर 91/2, सोमवारी क्वार्टर, तुपकर चौक, सक्करदरा) के रूप में बताई। तलाशी लेने पर, कार के सामने वाले ड्रॉवर में एक ज़िप-लॉक पॉलीथीन में 239.660 ग्राम एमडी पाउडर मिली, जिसकी अनुमानित कीमत 11,95,000 रुपये है। आरोपियों के कब्जे से एमडी पाउडर, 04 मोबाइल फोन और कार सहित कुल 18,65,790 रुपये का माल जब्त किया गया। आरोपी अपने आर्थिक लाभ के लिए एमडी पाउडर अपने पास रखे हुए पाए गए। पूछताछ में पता चला कि आरोपी एक दिन पहले ही सड़क मार्ग द्वारा मुंबई से सड़क मार्ग द्वारा नागपुर लाए थे और उसे बेचने की फिराक में थे परंतु इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए सभी आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8 (सी), 22 (सी), 29 के तहत इमामवाड़ा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। यह सफल कार्रवाई पुलिस पुलिस उपायुक्त (परि. 4) रश्मिता राव, और सहायक पुलिस आयुक्त (सक्करदरा विभाग) नरेंद्र हिवरे के मार्गदर्शन में, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राहुल शिरे, पुलिस निरीक्षक गणेश खंडाते, सहायक पुलिस निरीक्षक गणेश पवार, पुलिस हवलदार संदीप बोरसरे, वीरेंद्र गुलरांधे, गणेश बुबुलकर, भगवतीकुमार ठाकुर, पुलिस कांस्टेबल चंद्रशेखर डेकाटे, जितेंद्र चौधरी, रंजीत सक्करवार, कुणाल ऊईके और हिमांशु की टीम ने की है।

## शहर में घूमते हुए अपराधी गिरफ्तार

**नागपुर.** अपराध शाखा के सामाजिक सुरक्षा विभाग ने को एक तड़ीपार अपराधी को अंबाझरी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी, शहर और ग्रामीण इलाकों से निष्कासित था, बिना किसी अनुमति के पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर करीब 3:15 बजे, सामाजिक सुरक्षा विभाग की पुलिस टीम अंबाझरी थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी। केदार अपार्टमेंट के पास, हिलटॉप, अंबाझरी में पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अमन सुरेश येरपुडे (29) सुदाम नगरी, पांढराबोडी, अंबाझरी निवासी बताया। आरोपी का रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि उसे पुलिस उपायुक्त (परिमंडल क्र. 01) द्वारा दिनांक 14 अक्टूबर, 2024 को नागपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्र से एक साल के लिए तड़ीपार किया गया था। तड़ीपार होने के बावजूद, अमन येरपुडे बिना किसी पूर्व अनुमति के अंबाझरी थाना क्षेत्र में मौजूद था, जिससे यह संदेह पैदा हुआ कि वह किसी आपराधिक गतिविधि को अंजाम देने के उद्देश्य से आया था। उसने निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया।

# शहर में हजारों योग साधकों ने मनाया विश्व योग दिवस

**नागपुर.**

शनिवार 21 की सुबह हजारों योग प्रेमियों ने योग प्रदर्शन किया और ' करा हो कडगा योगासन ' गीत गाते हुए लोगों को जागरूक किया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर और मन स्वस्थ रहता है और कई बीमारियां दूर रहती हैं। मौका था नागपुर महानगरपालिका और जिला प्रशासन नागपुर द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित विश्व योग दिवस का। मनपा द्वारा ' एक पृथ्वी , एक योग स्वास्थ्य के लिए ' की अवधारणा पर आधारित विश्व योग दिवस कार्यक्रम शनिवार को यशवंत स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस वर्ष एक दशक तक चलने वाले इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी , विधायक प्रवीण दटके , पुलिस आयुक्त रविंद्र कुमार सिंघल , मनपा आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी , रामभाऊ खांडवे , अध्यक्ष, जनार्दन योग प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन, पूर्व महापौर दयाशंकर तिवारी , भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, कमांडेंट नवीन राम, नगर निगम की अपर





आयुक्त वसुमना पंत, अपर आयुक्त वैष्णवी बी, अपर आयुक्त अजय चारथंकर, अपर कलेक्टर प्रवीण माहिरे , रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर अनुप खांडे, डिप्टी कमिश्नर मिलिंद मेश्राम, गणेश राठौड़, राजेश भगत, विनोद जाधव, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपक सेलोकर, मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ. गजेंद्र महल्ले, हिंद केसरी योगेश दोडके सहित महानगरपालिका के उपायुक्त, सभी दस जोन के सहायक आयुक्त, अन्य कर्मचारी, शहर के विभिन्न योग साधकों के स्वयंसेवक तथा हजारों नागरिक उपस्थित थे। सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम में नागपुरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

नागपुर शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए नागपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'मिशन थंडर' के तहत प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। शपथ पुलिस निरीक्षक अनामिका मिर्जापुरे ने दिलाई। विश्व योग दिवस को याद करते हुए, रामभाऊ खांडवे ने दैनिक जीवन में नियमित योग अभ्यास के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने नियमित योग करने के महत्व पर विस्तार से बताया।

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि योग दिवस मनाने की अवधारणा सबसे पहले नागपुर में जनार्दन स्वामी के नेतृत्व में प्रस्तावित की गई थी। सर्वप्रथम मनपा आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने मनपा के अमृत महोत्सव के अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा बनाए गए प्रतीक चिह्न की प्रतिकृति भेंट की। साथ ही उन्हें मनपा का मानद दुपट्टा भी भेंट किया गया।

साथ ही कार्यक्रम में मनपा के कर्मचारी भरत डेलीकर को एशियाई योगासन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सम्मानित किया। मुख्य कार्यक्रम से पहले अथर्व डाके ने योग गीत गाया। उसके बाद उन्होंने प्रतिनिधि तरीके से विभिन्न योगासन किये। स्टेडियम में मौजूद हजारों साधकों ने उनके साथ ये सभी आसन किये। इस समय योग प्रदर्शन की शुरुआत ' खेल खेल में योगासन हम करते हैं ' गीत से हुई । प्रत्येक आसन समाप्त होने के बाद योग गीत ' करा हो खेल योगासन ' के बोल यशवंत स्टेडियम में गूंज उठे। पूरा समारोह खुशनुमा और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मनपा के जनसंपर्क अधिकारी मनीष सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया जबकि खेल अधिकारी डॉ. पीयूष अम्बुलकर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

**लुभावने प्रदर्शन :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम में नागपुर जिला योग संघ के अनिल मोहगांवकर और संदीप खरे की टीम ने विभिन्न मानवतावादी योग मुद्राओं और कठिन योगासनों का मनमोहक प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उल्लेखनीय है कि प्रदर्शन करने वाली टीम में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एथलीट शामिल थे।

**योग वातावरण :** विश्व योग दिवस के अवसर पर यशवंत स्टेडियम में सुबह 6 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 5.30 बजे से ही धंतोली क्षेत्र की सड़कें यशवंत स्टेडियम की ओर आने वाले साधकों की भीड़ से भर गईं। यशवंत स्टेडियम में प्रवेश करने वाले प्रत्येक साधक पर पुष्प वर्षा की गई। एक पंक्ति में अनुशासित तरीके से योग कर रहे साधकों की भीड़ से स्टेडियम का माहौल योगमय हो गया।

**विभिन्न मंडलों की भागीदारी :** विश्व योग दिवस कार्यक्रम में जनार्दन स्वामी योगाभ्यासी मंडल , नागपुर जिला योग एसोसिएशन , आरपीएफ , सीआरपीएफ , एनएचएआई आदि ने भाग लिया।

**यशवंत स्टेडियम को सफेद रंग से रंगा गया :** नगर निगम ने योग दिवस के अवसर पर स्टेडियम में एकत्रित होने वाले साधकों से सफेद कपड़े पहनकर आने की अपील की थी। इसके अनुसार, हजारों की संख्या में सफेद कपड़े पहनकर आए साधकों के कारण स्टेडियम सफेद रंग से ढक गया।

## ई-रिक्शा पलटने से 3 वर्षीय मासूम की मौत

**नागपुर.** शहर के वाठोडा थाना क्षेत्र में एक दुखद हादसे में 3 वर्षीय मासूम की जान चली गई। घटना उस समय हुई जब बच्चा खेलते-खेलते ई-रिक्शा में बैठा था और अचानक रिक्शा चालू होकर पलट गया। पुलिस ने मामले में अकस्मात मृत्यु के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्लॉट नं. 63, आराधना नगर, विडगांव निवासी सुनिल कारूलाल लिल्लारे (32 वर्ष) दिनांक 20 जून को दोपहर 1:00 से 1:40 बजे के बीच अपने ई-रिक्शा में लाए गए सीमेंट के चौकट निकाल रहे थे। इस दौरान उनका 3 वर्षीय बेटा दिव्यांश ई-रिक्शा में बैठकर खेल रहा था। अचानक ई-रिक्शा चालू हो गया और कुछ दूरी जाकर ड्राइवर साइड की ओर पलट गया। इस दुर्घटना में दिव्यांश सिर के बल गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे तुरंत निजी हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में पिता सुनिल लिल्लारे की सूचना पर वाठोडा पुलिस थाने में अकस्मात मृत्यु की नोंद कर ली है।

CMYK

# उभरते सितारे में ज्ञानवर्धक, मनोरंजन, संगीतमय स्वास्थ्य संपदा

## > बच्चों ने दी स्वास्थ्य पर संगीतमय प्रस्तुतिया

**नागपुर.**

बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए आउटडोर या इंडोर गेम्स खेलना बहुत जरूरी है। एक स्पोर्ट्स तो हर बच्चों को कंपलसरी होना ही चाहिए। जिससे बच्चों का कंसंट्रेशन बढ़ता है, एक टीम की भावना के साथ-साथ कम्युनिटी इंप्रूवमेंट, नेतृत्व गुण और आत्मविश्वास बढ़ता है। जिससे मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। आजकल शहरों में मैदान की जगह कांक्रीटीकरण ज्यादा हो गए हैं। फिर भी आपके आसपास कहीं मैदान हो तो जरूर खेलना चाहिए। और उचित डाइट लेना चाहिए। यह विचार डॉ. ऋषिकेश आवडे जी ने बच्चों और उनके अभिभावकों के बीच रखे।




विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन का नवोदित प्रतिभाओं को समर्पित उपक्रम 'उभरते सितारे' का आयोजन हिंदी मोर भवन के उत्कर्ष हॉल में किया गया। कार्यक्रम का विषय 'स्वास्थ्य संपदा' पर आधारित ज्ञानवर्धक, मनोरंजन और संगीतमय प्रस्तुतियों से भरा रहा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप मे वॉकहार्ट हॉस्पिटल के एम. डी. एनेस्थीसिया डॉ. ऋषिकेश आवडे जी उपस्थित थे।

इनका सम्मान संयोजक युवराज कुमार ने स्मृति चिन्ह देकर किया। सर्वप्रथम, कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए प्रशांत शंभरकर ने 'स्वास्थ्य संपदा' पर अपने विचार व्यक्त किए।

तत्पश्चात, बच्चों ने भी इस विषय पर अपने विचार रखते हुए अपने गीतों और नृत्य से सबको प्रभावित किया। जिसमें, निहिरा हेमंत भूगांवकर, कनिका हरचंदानी, रेखा महाजन, पुष्पा परतेकी, अनीता चौधरी, वंदना जनबंधु, आकाश पोरवाल, काव्या कोल्हे, विहान ढोके, अध्यायनी पोरवाल, स्वरा भूतड़ा और आदित मींज ने शानदार गीतों की प्रस्तुति दी। क्रिश लाडे, आर्या आवडे और सरिता लाकुडकर ने सुंदर नृत्य किया।

बच्चों की प्रस्तुतियों को उनके अभिभावकों के साथ-साथ मीनाक्षी केसरवानी, डॉ अंजलि आवड़े, सुरेश मिंज, गीता मिंज, पूनम नाले, मयंक भूतड़ा, सारिका कोल्हे, रानी मनोज वानखेडे और वैशाली मदारे आदि ने बहुत सराहा। कार्यक्रम मे कृष्णा कपूर और प्रशांत शंभरकर ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन एवं, उपस्थित सभी दर्शकों, कलाकारों और बच्चों का आभार संयोजक युवराज कुमार ने अपने शब्दों में व्यक्त किया।

# ग्रामीण अस्पताल में विश्व योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**पारशिवनी.**

पारशिवनी शहर के सरकारी ग्रामीण अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूरे उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया, जिसमें अस्पताल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सक्रिय भाग लिया।



कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल अधीक्षक डॉ. गजानन धुर्वे के मार्गदर्शन से हुई। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित कर्मचारियों को योग की विधियों, लाभों और दैनिक जीवन में उसकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. धुर्वे ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का सामूहिक अभ्यास किया गया। कार्यक्रम में परीचारीका (नर्सिंग स्टाफ) सहित सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग साधना के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई।

कार्यक्रम का सूत्र संचालन शेलेंद्र घोडेस्वार ने प्रभावी ढंग से किया, जबकि आभार प्रदर्शन भूषण रंगारी ने किया। इस आयोजन ने सभी कर्मचारियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उसे जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प भी दिलाया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

**सावनेर.**

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वर्गीय अन्नाजी कुबिटकर शा.औ.प्र. संस्था सावनेर के कार्यशाला परिसर में भव्य योग सत्र का आयोजन किया गया। 11 वर्ष पूर्व हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीवन में योग को महत्व देते हुए इस दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की अपील की थी। सभी देशों ने इसे स्वीकार किया और इस दिवस को मनाना शुरू किया। यह दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। हमारे देश का प्राचीन योग जिसे हर कोई सीखना चाहता है, वह है योग। आज पूरी दुनिया में लोग शरीर को फिट रखने के लिए शारीरिक व्यायाम, प्राणायाम, आसन, सूक्ष्म आसन, हठ योग, क्रिया करते हैं, लेकिन शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है और मानसिक स्वास्थ्य को फिट रखने के लिए संज्ञानात्मक प्राणायाम, राज योग, ध्यान का अभ्यास आवश्यक है।



आयोजन का सत्र संचालन पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित मुख्य योग शिक्षक किशोर धुंडेले ने कर उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार योग प्राणायाम की विस्तृत जाणकारी दी। उन्होंने आसनों का महत्व बताते हुए कहा कि एक दिन योग प्राणायाम करने से यह लाभ नहीं मिलेगा, हमें योग प्राणायाम को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। यदि हम प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा योग करते हैं, तो हम और हमारा परिवार स्वस्थ रहेगा और हमारे शरीर और परिवार में नकारात्मक विचारों के लिए कोई स्थान नहीं रहेगा। हम पूरे दिन ऊर्जा के साथ अपना काम कर पाएंगे। इस अवसर पर सभी को नियमित योग प्राणायाम जैसे व्यायाम प्राणायाम और ध्यान के मानव जीवन पर होने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्राचार्य प्रशांत नंदुरकर , ग्रुप डायरेक्टर घ्यार सर, भोयर सर, पुसम सर, लोही सर, कटरे सर, हरीश बुरे, अरविंद बघेल, नंदकिशोर बाम्बल आदि ने कड़ी मेहनत की।

विश्व योग दिवस के इस कार्यक्रम में संस्थान के प्रशिक्षु छात्र छात्राये तथा शिक्षक ओने उपस्थित रहकर विश्व योग दिवस को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया.

# उमरेड में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने किया योग



**उमरेड.**



स्वास्थ्य, शांति और संतुलन का पर्व विश्व योग दिवस परिसर के विभिन्न संस्थानों ने उत्साहपूर्वक मनाया. महिला पतंजलि योग समिति उमरेड, कोल पॉवर फाउंडेशन तथा महाराष्ट्र प्रांतिक तैलिक महासभा महिला आघाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय अनूप लॉन में कार्यक्रम आयोजित किया गया. विधायक संजय मेश्राम, सामाजिक कार्यकर्ता गुणवंत मांढरे, पूजा मांढरे आदि ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. फाउंडेशन अध्यक्ष हरिश्चंद्र दहाघने, आघाड़ी अध्यक्ष नंदिनी वासुरकर,अमित शेंदरे प्रमुखता से उपस्थित थे. संगीता मिश्रा और शिल्पा पंधरे ने योगाभ्यास कराया. आभार संजय दाढ़े ने माना.

योग मित्र मंडल, आरएसएस, यूथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में योग भवन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुधीर पारवे, विजयलक्ष्मी भदोरिया, सतीश चौधरी, अनिल गोविंदानी, राजकुमार पांडे, कृष्णा हेडाऊ, दीपक पटले, वसुधा खंते के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ.

संचालन नंदकिशोर बासोड़े ने किया. अटल उद्यान में अटल मॉर्निंग ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में योगाभ्यास संजय विसपुते ने कराया. संचालन राजेश भेंडे ने किया. प्रस्तावना सूरज इटनकर ने रखी तथा आभार सुधीर पारवे ने माना.

डीआईपीएस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सुमनताई इटनकर ने योग का महत्व समझाया. ब्रह्माकुमारीज शालू व अल्का, वैशाली वाघमारे, योगिता इटनकर आदि प्रमुखता से उपस्थित थे.

आर.बी. भदोरिया महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. जयश्री तिवारी, सुरेखा जुनघरे उपस्थित थे. प्रस्तावना प्रमोद मेश्राम ने रखी. योगाभ्यास संगीता मिश्रा ने कराया. अनिकेत व्यसनमुक्ति केंद्र में संचालिका माधुरी भिवगड़े, लक्ष्मी विश्वकर्मा आदि प्रमुखता से उपस्थित थे.

सरकारी आईटीआई, रिलायंस मॉल, व्यसनमुक्ति केंद्र में योग प्रशिक्षक संगीता मिश्रा ने योगाभ्यास कराया.

# पिपला (केवलराम) में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**सावनेर.**

तहसील के ग्राम पंचायत पिपला ( केवलराम ) जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय, पिपला एवं गोमुख विद्यालय, पिपला के सहयोग से ग्राम पंचायत के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में गांव के सरपंच और ग्राम पंचायत के सभी सदस्य, गांव के प्रतिष्ठित नागरिक, जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ गोमुख विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत जिप प्राइमरी के मुख्याध्यापक भोयर सर ने की. गोमुख विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र चावड़े ने योग का महत्व समझाया और सभी को ताड़ासन, गरुड़ासन, सूर्यनमस्कार, पर्वतासन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, मूलबंध, उडियानबंध, जलंधर बंध, शीतली प्राणायाम, शीतकारी प्राणायाम, उज्जई प्राणायाम और भ्रामरी प्राणायाम कराया। साथ ही पिपला केवलराम के सरपंच दिलीप चांदुरकर ने योग दिवस का महत्व समझाया तथा सभी उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दी।

उपसरपंच नलिनी सातपुते ने भी मार्गदर्शन दिया। डॉ. पद्मगिरिवार ने भी बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया। सभी ग्राम पंचायत सदस्य, गांव के गणमान्य नागरिक, स्कूल के शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के कर्मचारियों और उपस्थित लोगों ने सहयोग किया।

# आरकेएस पब्लिक स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नागपुर.**

कमलादेवी खियानी बहुउद्देशीय संस्था द्वारा संचालित आरकेएस पब्लिक स्कूल (सीबीएसई ) ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया।



स्कूल प्रारंभ होते ही सभी विद्यार्थी, शिक्षक एवं सभी कर्मचारियों ने सांघीक योगासन किए। हर साल 21 जून को संपूर्ण विश्व में उत्साह के साथ योगासन का आयोजन किया जाता है, योगासन करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य लाभ होता है, नित्य योगासन करने से आजकल की लाइफ स्टाइल से होने वाली बीपी, मधुमेह, थायराइड बीमारियों से बचा जा सकता है। आज के दिन अपने को शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक तनाव से मुक्त रहने हेतु , जनजागृति स्वरूप सभी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाते हैं। पिछले कुछ वर्षों से आरकेएस पब्लिक स्कूल में बच्चों के टाइम टेबल में योग शिक्षा के नित्य क्लास लिए जाते हैं। संस्था सचिव उषा खियानी ने इस अवसर पर सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभ कामनाएं दी तथा समाज के सभी व्यक्तियों ने योग शिक्षा ग्रहण करने की सलाह दी। स्कूल प्रिंसिपल कीर्ति सोनी ने विद्यार्थियों को योग दिवस मनाने के महत्व के बारे में जानकारी देकर सभी का आभार माना।

# महाराष्ट्र योग शिक्षक संघ ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

**नागपुर.**




महाराष्ट्र योग शिक्षक संघ और भापकर पार्क बहुउद्देशीय कल्याणकारी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन स्थानीय भापकर पार्क में अत्यंत उत्साह और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। संघ की राज्य महासचिव सुपर्णा पाल द्वारा स्वामी पतंजलि ऋषि के प्रतिमा पर पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद भारत सरकार द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाया गया।



इस अवसर पर सुपर्णा पाल ने पिछले तीन वर्षों से महाराष्ट्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत की गई. बारह सूत्रीय मांग पत्र का वाचन किया और अन्य राज्यों की भांति महाराष्ट्र में भी योग-आयोग की स्थापना की पुरजोर मांग की। उन्होंने कहा कि योग शिक्षक वर्ग को संगठित पहचान और उचित मान्यता मिलना अति आवश्यक है। नागपुर शहर अध्यक्ष संदीप माने ने अब तक संगठन द्वारा किए गए कार्यों का संक्षिप्त विवरण उपस्थित जनसमुदाय के समक्ष प्रस्तुत किया।

इस विशेष अवसर पर महाराष्ट्र योग शिक्षक संघ के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनमें राज्य सल्लागार समिति सदस्य अतुल माने, जिल्हा महासचिव मनोहर पाल, कार्यकारिणी सदस्य संजय माने, मीडिया प्रभारी राजेश धरमठोक, कोषाध्यक्ष अर्चना लोहे, महिला प्रमुख वंदना काळे, उपाध्यक्ष मंदा अड्याळकर, निता माने, योगिता मस्के, पुष्पा ठाकरे, सविता गोयल, प्रेमा भोंगाडे, अर्चना ढोकरीमारे, सीमा गोयंका, उषा टाले, शोभा सावंत, किरण देवतळे, प्रतिभा गाडगिलवार, भारती दामांडे, शशि चौरसिया, शारदा वैद्य, ज्ञानेश्वर काळबांडे, मोहीत लांजेवार, मनिष धांडे, अन्वय लांजेवार, नंदकिशोर भोयर, मनिष आदमने, संजय मस्के, आदि बड़ी संख्या में गणमान्यजन और योग शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों को फल वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# जि.प. स्कूल गरंडा में उत्साहपूर्वक मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




**पारशिवनी.**

जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय, गरंडा में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर योग दिवस के महत्व को समझा और अनुभव किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्याध्यापक खुशाल कापसे के मार्गदर्शन में हुई। उन्होंने बच्चों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और ध्यान के महत्व की जानकारी दी और नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभों को विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों ने अनुशासन के साथ विभिन्न योगासन किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रावण मोंढे और सहायक शिक्षक ओंकार पाटील प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्याध्यापक कापसे ने बताया कि भारतीय संस्कृति ने योग के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व को एक अमूल्य वरदान दिया है, जो न केवल शरीर को तंदुरुस्त बनाता है, बल्कि मन को भी शांत करता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि वे प्रतिदिन योग करेंगे और इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे।

# योग दिवस पर खसाळा में छात्रों को क्रिकेट किट का वितरण

**कामठी.**




तालुका के खसाळा ग्राम पंचायत ने जागतिक योग दिवस के अवसर पर छात्रों को क्रिकेट किट वितरित किए। यह कार्यक्रम विभागीय अपर आयुक्त डॉ. कमलकिशोर फुटाणे द्वारा दीप प्रज्वलन और भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित करने के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर कामठी के तहसीलदार गणेश जगदाळे, सरपंच जयश्री इंगोले, रोजगार संघ के सरचिटणीस उद्धव साबळे, वसंत वराडे, उपसरपंच अतुल बावनकुळे, ग्राम विकास अधिकारी आतिश देशभ्रतार, ग्राम पंचायत सदस्य रवी पारधी, अमोल वाघमारे, कुणाल गभने, छबी रोकडे, प्रेरणा बावनकुळे, प्रतिभा गभने, और अर्चना शंभरकर आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित थे। सभी गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन किया गया और मानव जीवन में योगासनों के महत्व और लाभ पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही, मेहमानों के हाथों गांव के छात्रों को क्रिकेट किट का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम का प्रास्ताविक सरपंच जयश्री इंगोले ने किया, जबकि संचालन और आभार प्रदर्शन ग्राम विकास अधिकारी आतिश देशभ्रतार ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# खापरखेड़ा मे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**खापरखेडा.**

खापरखेड़ा में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। चेमरी ऊर्जा योग भवन गार्डन परिसर में भव्य योग सत्र का आयोजन किया गया था । 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पर्व की तरह मनाते हुए सभी ने एकजुट होकर योग के महत्व को रेखांकित किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और ओंकार मंत्र के साथ की गई। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में उपमुख्य अभियंता राणे, अधीक्षण अभियंता विलास उके, वेलफेयर अधिकारी वाघमारे, वरिष्ठ नेता रमेशचंद्र जैन, सरपंच मीनाक्षी तागड़े, जैनदास जैन, आशीष फुटाणे, बालाजी हांडे, अशोक शर्मा, मनोज चौरागडे, ग्राम पंचायत सदस्य हेमलता पानतावणे, संगीता सिंघम और कृष्णा पटमासे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुर्वेदिक एवं जड़ी-बूटी विशेषज्ञ नरेश तरारे ने की।कार्यक्रम का स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। योग शिक्षिका लता डोंगरे, उषा मोहाड, रंजीता सोनवणे और प्रतीक करंडे ने योग की विभिन्न विधाओं, प्राणायाम, ध्यान और राजयोग की जानकारी देते हुए उनके लाभों को समझाया। योग दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए चित्रकला स्पर्धा का आयोजन किया गया। नागपुर जिले में यह पहला ऐसा आयोजन था जिसमें






बच्चों को योग से संबंधित जानकारी देने के उद्देश्य से चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई। इस प्रतियोगिता में प्रणिता निनावे ने प्रथम, साबी गोडबोले ने द्वितीय, और निर्देश करंडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।कार्यक्रम का प्रस्तावना भाषण ज्योति चोखांदे ने किया। मंच संचालन नलिनी ठाकरे ने संभाला तथा आभार प्रदर्शन रानी फुलझले ने किया।इस सफल आयोजन के लिए बंडु मेश्राम, तुकाराम बर्वे, अनिल कनोजिया, श्रीनिवास नमलेवार, महेश नागदेवने, संगीता डोंगरे, संगीता मेढे, सुधा राऊत, और वैशाली सूर्यवंशी आदि ने विशेष सहयोग दिया।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### सत्यभामा शेंडे



**कामठी .** खैरी गांव की सत्यभामा बापूराव शेंडे (आयु ८० वर्ष) का अल्प बीमारी के कारण निधन। उनका अंतिम संस्कार खैरी स्थित श्मशान घाट में किया गया। परिवार में दो बेटिया, एक बेटा, बहू और पोते-पोतिया हैं।

# संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी दिंडी यात्रा का भव्य प्रस्थान

**कामठी.**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत ज्ञानेश्वर महाराज की पालकी दिंडी यात्रा का पावन प्रस्थान समारोह महाराष्ट्र के आळंदी (अलंकापुरी) से बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह ऐतिहासिक और आध्यात्मिक यात्रा पंढरपुर वारी के रूप में विख्यात है, जो संत ज्ञानेश्वर महाराज की पवित्र पादुकाओं (खड़ाऊ) को लेकर भगवान विट्ठल के दर्शन के लिए पंढरपुर पहुंचती है।



संत ज्ञानेश्वर महाराज की पादुकाओं को फूलों से सुसज्जित एक पालकी में विराजमान किया जाता है, जिसे भक्तगण कंधों पर उठाकर ले जाते हैं। इस दिंडी यात्रा में लाखों वारकरी (भक्त) शामिल होते हैं, जो 'ज्ञानबा माउली, तुकाराम' के जयघोष करते हुए भक्तिरस में सराबोर होकर पंढरपुर की ओर पदयात्रा करते हैं।

यह यात्रा आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर होती है, जो हिंदू पंचांग का एक अत्यंत पावन दिन माना जाता है। यात्रा के दौरान भक्ति, सेवा, संगीत, और सामूहिक साधना का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। इस पावन अवसर पर खैरी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच बंडू कापसे भी अपनी निष्ठा और श्रद्धा के साथ दिंडी यात्रा में पैदल सम्मिलित हुए। उनके साथ कई स्थानीय श्रद्धालु भी इस आध्यात्मिक अनुभव में सहभागी बने। यह पालकी यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि महाराष्ट्र की संस्कृति, परंपरा और समाज को जोड़ने वाला एक जीवंत पर्व है, जिसमें श्रद्धा, समर्पण और सामूहिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

# गौवंश संरक्षण के लिए अनुदान का लाभ उठाये : डॉ. पंकज भोयर

## वितरित किए गए पंजीयन प्रमाणपत्र



**वर्धा.**

राज्य सरकार ने गोमाता को राजकीय गाय का दर्जा दिया है। ऐसी गौशालाओं के संरक्षण और सुरक्षा के लिए राज्य सरकार की ओर से अनुदान दिया जाता है। पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने गौशाला संचालकों से अपील की कि वे गौशालाओं के संरक्षण की जिम्मेदारी लें और अनुदान का लाभ उठाएं। पालकमंत्री ने जिला कलेक्टर कार्यालय में गौशालाओं को पंजीयन प्रमाण-पत्र वितरित किए। वे इस दौरान बोल रहे थे। कार्यक्रम में जिला पशुपालन उपायुक्त डॉ. जगदीश बुकतरे, जयंत येरावार, श्री संत लहानुजी महाराज संस्था के अध्यक्ष सुरेश पावड़े, जिला पशुपालन अधिकारी डॉ. राजकुमार बिडकर आदि उपस्थित थे। गौशाला का मल-मूत्र विभिन्न असाध्य रोगों में कारगर है और गाय का दूध मानव आहार में पौष्टिक माना जाता है। हिंदू संस्कृति में गायों का बहुत ही पूजनीय स्थान है। ऐसी गायों को संरक्षित करने की बहुत आवश्यकता है। पहले सरकार गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रत्येक जिले में प्रत्येक गौशाला को एक करोड़ रुपए का अनुदान देती थी। लेकिन अब सरकार ने निर्णय लिया है कि जिले में जितनी भी गौशालाएं गौ सेवा आयोग में पंजीकृत हैं, उन्हें अनुदान दिया जाएगा। इसलिए पालकमंत्री ने कहा कि गौशाला संचालक गौ सेवा आयोग में पंजीकृत होकर अनुदान का लाभ उठाएं।

लोगों को देशी गाय पालने के लिए प्रेरित करने के लिए राज्य सरकार ने देशी गायों को राजकीय गौशाला घोषित किया है। देशी गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए काम करने वाली संस्थाओं की निगरानी के लिए गौ सेवा आयोग का गठन किया गया है। डॉ. बुकतरे ने कहा कि गौशालाओं के संरक्षण के लिए आयोग में पंजीकृत गौशालाओं को प्रति गाय अनुदान वितरित किया जा रहा है। इस अवसर पर पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने पीपल फॉर एनिमल्स पिपरी मेघे, गौरक्षण संस्था हिंगनघाट, लक्ष्मी नारायण मुरलीधर और आबाजी महाराज देवस्थान सोनेगांव आबाजी देवली, हरिओम बाबा गौशाला लसनपुर, सर्वोदय गौशाला चैरिटेबल ट्रस्ट पडेगांव, गोपिका गौशाला केंद्र मालेगांव ठेका, स्व. राधाकृष्ण बजाज गौशाला चैरिटेबल ट्रस्ट नालवाड़ी, संत लहानुजी महाराज संस्था टाकरखेड़ा, विद्या ग्रामीण शहरी डेव्हलप फाउंडेशन, विश्व शांति साधना प्रतिष्ठान मनोहरधाम दत्तपुर, जीवरक्षक फाउंडेशन हिंगनघाट कार्यक्रम में गौशालाओं के संचालकों को पंजीयन प्रमाणपत्र का वितरित दिया गया. कार्यक्रम को गोशाला संचालक मौजुद थे.

# योग दिवस पर प्रभाग 32 ब में हुआ विशेष आयोजन

## केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया विशेष उत्सव



**नागपुर.**

प्रभाग 32 ब स्थित हनुमान मंदिर परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रभाग अध्यक्ष श्रीराम कुंभलकर के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से जहां एक ओर योग के महत्व को जनसामान्य तक पहुचाया गया, वहीं केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने की उपलब्धि को भी उत्सव रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मबल को बढ़ावा देना था।

श्रीराम कुंभलकर ने अपने उद्बोधन में योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसे नियमित जीवनशैली में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन प्राप्त करने का भी प्रभावशाली साधन है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को जलपान वितरित किया गया। यह आयोजन स्थानीय नागरिकों के लिए एक प्रेरणास्पद और स्वास्थ्यवर्धक अनुभव सिद्ध हुआ।

# नगर निगम-ज़ि.प.चुनाव में अतुल वांदिले और भाजपा आमने-सामने

**हिंगनघाट.**



सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद नगर परिषद और जिला परिषद चुनाव की प्रक्रिया में तेजी आ गई है। प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं, वहीं राजनीतिक दलों ने भी आगामी चुनावों को लेकर कमर कस ली है।इस बार चुनावी मैदान में सबसे बड़ी टक्कर राष्ट्रवादी शरदचंद्र पवार पार्टी (एनसीपी) के महासचिव अतुल वांदिले और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के बीच देखी जा रही है। विधानसभा चुनाव में अतुल वांदिले ने 84,484 वोट प्राप्त कर क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ और जनमत का परिचय दिया था। हालांकि भाजपा के समीर कुणावार ने तीसरी बार जीत दर्ज करते हुए हॅट्रिक पूरी की, परंतु वांदिले ने इस आसान समझे जा रहे मुकाबले को चुनौतीपूर्ण बना दिया था। अब विधानसभा चुनाव के बाद जिला परिषद और नगर परिषद के चुनावों का माहौल तैयार हो रहा है। एनसीपी ने हाल ही में संगठनात्मक नियुक्तियाँ करते हुए रणनीतिक समीक्षा बैठकें आयोजित की हैं। वहीं भाजपा के नए जिलाध्यक्ष ने भी हिंगनघाट में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुनावी अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार मतदाता स्थानीय मुद्दों, विकास कार्यों और व्यक्तिगत जनसंपर्क को अधिक प्राथमिकता देंगे। विधानसभा चुनाव के अनुभव को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि कई नेताओं को अपेक्षित जनसमर्थन नहीं मिला। यहां तक कि कुछ उम्मीदवारों ने परोक्ष रूप से भाजपा का समर्थन भी किया था।

चुनाव में जीत के लिए उम्मीदवारों को केवल राजनीतिक लोकप्रियता नहीं, बल्कि आर्थिक क्षमता, व्यक्तिगत जनसंपर्क और मुद्दों की समझ के साथ सामने आना होगा। मतदाताओं में पिछले तीन वर्षों से ठप्प पड़े विकास कार्यों और अनसुलझे स्थानीय मुद्दों को लेकर असंतोष है, जिसकी झलक चुनावी प्रचार में देखने को मिलेगी। आगामी नगर परिषद और जिला परिषद चुनावों में राष्ट्रवादी शरद पवार पार्टी, भाजपा और अन्य दलों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिल सकता है।

# अरण्यऋषि मारुति चितमपल्ली श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**हिंगनघाट.**



अरण्यऋषि, पदमश्री मारुति चितमपल्ली को हिंगनघाटकर और सामाजिक संस्थाओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का आयोजन निसर्गसाथी फाउंडेशन एवं लोकसाहित्य परिषद द्वारा जी.बी. एम.एम. मोहता विद्यालयके सभागार में किया गया। .कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व नगराध्यक्ष राजेंद्र डागा मुख्य अतिथि प्राचार्य सुनील फूटाने सर, सर्वोदयी रमेशजी झाडे थे।

इस अवसर पर विभिन्न पर्यावरण संगठनों की ओर से अरण्यऋषि मारुति चितमपल्ली को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर वणा नदी संवर्धन संस्था के रूपेश लाजुरकर, वृक्ष मित्र परिवार के गोपाल मांडवकर, पर्यावरण संवर्धन संस्था के विनय मोरे, निसर्गसाथी फाउंडेशन के प्रवीण कडू, महाराष्ट्र पक्षी मित्र के अमोल मुनेश्वर, लोक साहित्य परिषद के नितिन सिंगरू, जय भवानी माता बहुउद्देशीय संगठन प्रोफेसर अभिजीत डाखोरे और धनराज कुंभारे, सुश्री अंजोर कडू सभी ने अरण्य के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किये। ऋषि मारुति चितमपल्ली के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सुनील फुटाने सर ने इच्छा व्यक्त की कि मारुति चितमपल्ली की पुस्तकों को स्कूली शिक्षा में शामिल किया जाना चाहिए, जबकि अभिजीत डाखोरे ने मारुति चितमपल्ली के लेखन के बारे में विस्तृत जानकारी दी, प्रवीण कडू ने मारुति चितमपल्ली की हिंगनघाट यात्रा और उनके शोध अभियान के बारे में जानकारी दी। अंत में माननीय राजेंद्र डागा के अध्यक्षीय भाषण के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रोफेसर सुलभा कडू, प्रशांत भोयर, ऋषिकेश मोरे, बिसने सर, श्रीधर हुडे, सुश्री सावरी डाखोरे, अनिल बाळबुधे और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# गौशाला में बाघ के हमले में भैंस की मौत

## > किसान को 40 हजार का नुकसान



**समुद्रपूर.** समुद्रपुर तालुका के भवानपुर में बाघ ने गांव के पास गौशाला में बंधी भैंस पर हमला कर उसे मौके पर ही मार डाला। प्राप्त जानकारी: भवानपुर के किसान शंकर वाकड़े के गांव के पास गौशाला में 5 भैंस और पशु बंधे हुए थे। इसी बीच 22 जून को सुबह करीब 5 बजे बाघ ने एक भैंस पर हमला कर उसे मौके पर ही मार डाला और उठाकर ले गया। सुबह 6 बजे जब किसान गौशाला गए तो उन्हें घटना की जानकारी मिली और उन्होंने गिरड़ में वन विभाग को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलने पर वनरक्षक पी.डी. बेले, वन परिक्षेत्र अधिकारी नीलेश गावंडे के मार्गदर्शन में मौके पर पहुंचे और पंचनामा बनाया। बाघ की गतिविधि रिकॉर्ड करने के लिए ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। किसान ने हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है। गांव में बाघ की हलचल देखते ही ग्रामीणों में भय का माहौल पैदा हो गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी नीलेश गावंडे ने ग्रामीणों से बाघ से सावधान रहने और रात के समय गांव से बाहर न निकलने की अपील की है।

# स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए योग जरूरी: संजीवनी माने

## एनसीसी कैडेट जवानोंका योगाभ्यास संपन्न



**सेवाग्राम.**

'आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद को स्वस्थ रखना जरूरी है। अगर तनाव मुक्त जीवन जीना है तो योग करना चाहिए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इसलिए स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए योगाभ्यास जरूरी है।' यह बात पतंजलि योग पीठ की प्रदेश अध्यक्ष संजीवनी माने ने 21 जून को स्थानीय चरखा गृह क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 महाराष्ट्र बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल समीक घोष ने की, जबकि योग प्रशिक्षक संजीवनी माने, ज्योति शेटे, चंदा कुंभलवार उषा कदव, संगीता इमले, सूबेदार मेजर दिलबाग सिंह और कैप्टन मोहन गुजरकर मौजूद थे।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार एनसीसी कैडेट जवानों, एनसीसी अधिकारियों और सेना प्रशिक्षकों को चरखा गृह परिसर में योग का प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर सूबेदार विनोद कुमार, सूबेदार प्रमोद घोरपड़े, कैप्टन राहुल भालेकर, कैप्टन प्रवीण ठाकरे, कैप्टन नंदकिशोर बिजागरे, सेकेंड ऑफिसर रवींद्र कुडुपले, लेफ्टिनेंट कांचन रामटेके, थर्ड ऑफिसर सिंधु कुशवाह, नायब सूबेदार नीरज सिंग, बटालियन हवालदार मेजर भीमराव जाधव, हवालदार संजय पटले, संतोष माने सहित सैन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार मतदान एनसीसी अधिकारी कैप्टन मोहन गुजरकर ने किया।

# नशे में धुत दो दोस्तों में पैसों को लेकर झगड़ा, सिर पर पत्थर से वार कर हत्या

**अकोला.** शराब के नशे में धुत दो दोस्तों में पैसों को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के चलते एक दोस्त ने दूसरे दोस्त के घर के सामने जाकर गाली-गलौज की। इसी गुस्से में ओल्ड सिटी इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जहां एक दोस्त ने दूसरे दोस्त के सिर पर पत्थर से वार कर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में ओल्ड सिटी पुलिस ने आरोपी पवन मोरे को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक युवक का नाम प्रकाश जोसेफ है। अकोला जिले में छोटी-छोटी बातों पर हत्याओं का सिलसिला जारी है। पुराने पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले रमाबाई अंबेडकर नगर में दो शराबी दोस्तों के बीच पैसों को लेकर हुआ विवाद हत्या में बदल गया। रमाबाई अंबेडकर नगर में दो दोस्त प्रकाश और पवन शराब पी रहे थे। इसी दौरान इन दोनों दोस्तों में पैसों को लेकर विवाद हो गया। पैसों को लेकर इनके बीच हमेशा विवाद होता रहता था। इसी बात को लेकर पवन नाराज था। दोनों शराब पीकर नशे में थे। इसी बीच प्रकाश ने पवन के घर के सामने जाकर उसे गाली दी। इससे नाराज होकर पवन घर से निकला और बड़े पत्थर से प्रकाश के सिर पर वार कर दिया। प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही ओल्ड सिटी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। भागने की कोशिश कर रहे आरोपी को ओल्ड सिटी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इस मामले में ओल्ड सिटी पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है।

# वणी में गिमाटेक्स इंडस्ट्रीज में भीषण आग

## एक से ढाई करोड़ का अनुमानित नुकसान



**हिंगनघाट.**

20 जून को सुबह 10:46 बजे, नागपुर-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 के पास स्थित वणी गांव में गिमाटेक्स इंडस्ट्रीज के कॉटन डिपार्टमेंट के ब्लो रूम में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही मिनटों में तेजी से आसपास के हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उद्योग में अफरा-तफरी मच गई। जैसे ही आग लगी, गिमाटेक्स की सुरक्षा टीम ने तत्परता से मोर्चा संभाला और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। साथ ही, फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जो समय पर मौके पर पहुंची और आग को फैलने से रोका। स्थानीय पुलिस स्टेशन को भी घटना की जानकारी तुरंत दी गई थी। आग की चपेट में आकर ब्लो रूम में रखी महंगी मशीनरी, जैसे ब्लेंडर, एमपीएम मशीन, कॉटन और अन्य सामग्री जलकर खाक हो गई। हालाँकि, सौभाग्यवश इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इस अग्निकांड में लगभग एक से ढाई करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।

फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच जारी है और औद्योगिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह घटना एक चेतावनी के रूप में देखी जा रही है।

# योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है : पं. शंकरप्रसाद अग्निहोत्री




**वर्धा.**

योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ती है। योग संस्कृत शब्द "युज" से आया है, जिसका अर्थ है "जुड़ना" या "एकजुट होना"। इसका मतलब है कि योग हमें हमारे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्तरों पर जोड़ता है, जिससे हम एक समग्र और संतुलित जीवन जी सकते हैं, ऐसा पंडित शंकरप्रसाद अग्निहोत्री ने 21 जून को शिवशंकर अग्निहोत्री ऑडिटोरियम में जय महाकाली शिक्षण संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कहा। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग वर्धा के योगेश पुरोहित और गिरीश उपाध्याय के मार्गदर्शन में विभिन्न योग आसन किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत में योग दिवस पर परिचय रानीबाई अग्निहोत्री कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. नीरजसिंग यादव ने दिया। डॉ. देवेंद्र गुजरकर ने आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. दीपक पुन्से, डॉ. चंद्रकांत कोठारे, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. प्रसाद जुमड़े, डॉ. रितेश सुले, प्रधानाध्यापक नीलकंठ ढोबले, गजानन दंडाडे, अभिजीत रघुवंशी, डॉ. अनिल महाले, प्रा. सुनील नरसे एवं महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित थे.

# क्या दालों के दाम बढ़ेंगे?

**अमरावती.**



केंद्र सरकार ने भले ही तुअर का एमएसपी बढ़ाकर 8,000 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है, लेकिन सरकार की आयात नीति के कारण किसानों को 7,000 रुपए से कम कीमत पर तुअर बेचना पड़ रहा है। सरकार ने तुअर का आयात 31 मार्च 2026 तक खुला रखा है। इसका असर बाजार में दिखने लगा है। फिलहाल तुअर के दाम एमएसपी से 12 से 15 फीसदी कम हैं। इसका असर तुअर उत्पादकों पर पड़ रहा है। सरकार समर्थन मूल्य में वृद्धि करती है तो उत्पादित दालों के दाम में वृद्धि होने की संभावना है।

इस सीजन के लिए तुअर का समर्थन मूल्य 7,550 रुपये है और सरकार ने आगामी सीजन के लिए 8,000 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य घोषित किया है। खुले बाजार में तुअर 6,300 से 6,400 रुपये के भाव पर बिक रही है। जनवरी से तुअर और चने की आवक शुरू हो जाती है। मई तक बाजार में तुअर 7,000 रुपये प्रति क्विंटल से अधिक पर बिक रही थी, अब यह घटकर 6,300-6,400 रुपये पर आ गई है।

यही स्थिति चने की भी है। चालू वित्त वर्ष के लिए चने का आधार मूल्य 5650 है, लेकिन खुले बाजार में चना 5250 पर बिक रहा है। अप्रैल-मई के महीने में कारखाना मालिक अपनी क्षमता के अनुसार कच्चा माल जुटाता है। क्योंकि बारिश के कारण आवक बाधित होती है और माल में नमी बढ़ जाती है और उसे आधार मूल्य के आसपास बिकने वाला माल उचित लगता है और वह इस चक्कर में फंस जाता है, ऐसा अमरावती कृषि उपज बाजार समिति के पूर्व संचालक विनोद कलंत्री ने बताया ।

सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदे गए माल का एक निश्चित प्रतिशत रिजर्व में रखती है और कुछ समय बाद बचा हुआ माल बाजार भाव पर बेच देती है। इससे माल बाजार में आ जाता है। सरकार नुकसान तो उठा सकती है।

लेकिन इससे छोटे उद्योग खत्म हो जाते हैं। विनोद कलंत्री कहते हैं कि सरकार नए उद्योग लगाने के लिए सब्सिडी देती है, लेकिन यह भी अध्ययन करना जरूरी है कि कितने मौजूदा उद्योग बंद हो रहे हैं।

# स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर रा.कां.पा. की समीक्षा बैठक संपन्न

## वांदिले ने पदाधिकारियों को दिया सक्रिय जनसंपर्क का संदेश

**हिंगनघाट.**




आगामी स्थानीय निकाय,जिला परिषद,पंचायत समिति और ग्राम पंचायत चुनावों को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) की समीक्षा बैठक रविवार को हिंगनघाट के साईं मंदिर हॉल में संपन्न हुई। बैठक में तीन विधानसभा क्षेत्रों हिंगनघाट, समुद्रपुर और सिंदी रेलवे के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील राऊत ने की, जबकि पूर्व विधायक वसंत बोंडे, प्रदेश महासचिव अतुल वांदिले और नवनियुक्त जिला निरीक्षक सुरेश गुडधे पाटिल ने मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर अतुल वांदिले ने कहा कि, आगामी चुनावों में जीत सुनिश्चित करने के लिए हर पदाधिकारी को जनसंपर्क अभियान तेज करना होगा। पार्टी की नीतियों, विचारधारा और किए गए जनहित कार्यों को जनता के बीच प्रभावी ढंग से पहुंचाना अनिवार्य है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सक्रियता से काम करने और एकजुट होकर चुनावी रणनीति अपनाने का आह्वान किया।

जिला निरीक्षक सुरेश गुडधे ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि, "चुनावी सफलता का रास्ता जमीनी नेटवर्क से होकर ही गुजरता है।

बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से: तालुका अध्यक्ष महेश झोटिंग, पूर्व नगराध्यक्ष बबनराव हिंगणेकर, ओबीसी जिला अध्यक्ष प्रशांत घवघवेन, दिव्यांग प्रदेश सचिव मारोती महाकाळकर, कृषि जिला अध्यक्ष प्रभाकर रेवतकर, जिला उपाध्यक्ष अशोक वांदिले, परिवहन जिला अध्यक्ष शेखर जाधव, युवा प्रदेश सचिव संदीप किटे, पूर्व उपाध्यक्ष सुधाकर खेड़कर, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील डोंगरे, पूर्व नगरसेवक अशोक पराते, बालाजी गेहलोत, दिनेश देशकारी, सिंदी रेलवे शहर अध्यक्ष गंगाधर कलोडे, युवा जिला अध्यक्ष प्रणय कदम, राजू भाईमारे, गणेश वैरागड़े और सचिन परसाडे आदि शामिल थे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पार्टी आगामी चुनावों में जनहित मुद्दों, स्थानीय विकास और संगठनात्मक मजबूती के बल पर जनता का विश्वास जीतने का प्रयास करेगी।

# एसआरपीएफ कार्यालय में तेंदुए की एंट्री से हड़कंप

राजेश मालवीय

**अमरावती.** शहर के राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) क्रमांक 9 की दो मंजिला इमारत वाले कंपनी कार्यालय में शनिवार रात एक तेंदुआ घूमता नजर आया। वह सीढ़ियों से ऊपर चढ़ते हुए बड़े रौब के साथ इमारत के अंदर घूम रहा था। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।



**वन विभाग की टीम कैंप परिसर में पहुंची :** अमरावती के एसआरपी कैंप परिसर स्थित कार्यालय इमारत में तेंदुआ घुसने की सूचना मिलने के बाद शनिवार आधी रात को वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। उस समय तेंदुआ इमारत में चक्कर लगा रहा था और फिर सीढ़ियों से नीचे उतरकर बाहर निकल गया। वह पास ही स्थित संत गाड़गेबाबा अमरावती विश्वविद्यालय की दीवार कूदकर झाड़ियों की ओर भाग गया। यह जानकारी वन विभाग की बचाव टीम के प्रमुख अमोल गावनेर ने दी।

**राज्य रिजर्व पुलिस बल परिसर में अक्सर आता है तेंदुआ :** राज्य रिजर्व पुलिस बल की कॉलोनी में पिछले कुछ वर्षों से कई बार तेंदुआ देखा गया है। पास ही स्थित वडाली और पोहरा के जंगलों में तेंदुओं की संख्या काफी बढ़ गई है। जंगल से लगे कुछ निवास स्थानों के पास शाम 7 बजे के आसपास भी तेंदुए देखे जाते हैं। कभी वह झाड़ियों में या किसी गड्ढे में छिपा होता है। पुलिस कॉलोनी में रहने वाले कई कुत्तों को तेंदुए ने शिकार बनाया है। अब घूमता हुआ तेंदुआ ऑफिस की इमारत में घुस आया। सौभाग्यवश उस वक्त ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारी उसके सामने नहीं आए, वरना बड़ी अनहोनी हो सकती थी। कॉलोनी में महिलाएं और छोटे बच्चे तेंदुए के डर से सहमे हुए हैं।

### तपोवन इलाके में तेंदुए ने किया कुत्ते का शिकार

संत गाड़गेबाबा अमरावती विश्वविद्यालय से लगे तपोवन इलाके के डॉक्टर कॉलोनी में 15 जून को तेंदुआ एक घर के गेट को लांघते हुए परिसर में घुस गया। वहां मौजूद एक कुत्ते को उसने अपना शिकार बनाया। यह घटना भी सीसीटीवी में कैद हो गई। तपोवन, विश्वविद्यालय, राज्य रिजर्व पुलिस बल और महादेवखोरी इलाकों में अब तेंदुओं की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ गई है।

## स्व.इंदिरा गांधी स्कूल निमखेडा में योग दिवस मनाया गया

**कामठी.** मौदा तालुका के निमखेडा स्थित स्व. इंदिरा गांधी उच्च प्राथमिक माध्यमिक स्कूल व कनिष्ठ महाविद्यालय में योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष शांता खांडेकर ने की। सभी छात्र बहुत उत्साहित थे। इस एक दिवसीय शिविर का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, निमखेडा में प्रशिक्षण ले रही छात्राओं रोशनी त्रिकुल, श्रुति राणे, तन्वी तेलंग, साहिली वानखेड़े, यशिका वाघ, सृष्टि येले और प्रेरणा वानखेड़े ने किया था, जिन्होंने छात्रों को योगासन सिखाए। विद्यालय की प्राथमिक विभाग की मुख्याध्यापिका तेजस्विनी खांडेकर ने योग करने से हम स्वयं को कैसे स्वस्थ रख सकते हैं, इस बारे में जानकारी दी। कुछ छात्रों ने योग के इतिहास और जीवन में उसकी उपयोगिता विषय पर भाषण भी दिए। विद्यालय में पिछले पंद्रह दिनों से समर कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न खेल, गतिविधियाँ और छात्र जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

# योग दिवस पर ब्रह्मा कुमारीज् की शाखा में योग कार्यक्रम

> योग है संयम, संतुलन, सुरक्षा का मार्ग- ब्र.कु.प्रेमलता दीदी

कामठी.



प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज् विद्यालय की रनाला स्थित शाखा में आंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे कामठी सेवाकेंद्र संचालिका बी.के. प्रेमलता दीदी ने योग का महत्व समझाते हूए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मन को भी शांत करता है। योग अर्थात परमात्मा, प्रकृती और संस्कृती का मिलन ही स्वस्थ जीवन प्रदान कर सकता है| वर्तमान भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग ध्यान और एकाग्रता को बढ़ाता है। योग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा का हिस्सा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का एक माध्यम बन चुका है। 21 जून को विश्वभर के करोड़ों लोग एक ही दिन, एक ही उद्देश्य से योग करते हैं। 2025 की थीम 'योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ' इस बात को रेखांकित करती है कि मनुष्य और प्रकृति के बीच संतुलन बनाकर ही हम स्थायी जीवनशैली की ओर बढ़ सकते हैं| योग नियमितता और अनुशासन को बढ़ावा देता है, जिससे व्यक्ति का कार्यक्षमता और जीवन के प्रति दृष्टिकोण सकारात्मक बनता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह जीवन को संतुलित, स्वस्थ और सकारात्मक बनाने की दिशा में एक वैश्विक आंदोलन है। योग न केवल "करने" की विधा है, बल्कि "जीने" की शैली है। इसिलिए सभी को प्रतिदिन योग करने के लिये प्रेरित भी किया गया।

इस समय कार्यक्रम में पंचायत समिति पूर्व उपसभापति सौ. विमल नागोराव साबले, सेवानिवृत बीएसएफ ऑफिसर शेषराव आढाऊ, डॉ. विवेक दरवई, राजेश आहुजा, महेंद्र भाई, हरिहर भाई, सुनिल भाई, मुकेश भाई आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से उपस्थित थे। सभी ने सामूहिक रिती से योगासन, प्राणायाम, और मेडिटेशन किया।

## भीलगांव में अपर आयुक्त डॉ. फुटाणे का दौरा



कामठी.

शनिवार को भिलगांव ग्राम पंचायत का दौरा अपर आयुक्त विकास डॉ. कमलकिशोर फुटाणे ने किया। इस दौरान भीलगांव ग्राम पंचायत सरपंच भावना चंद्रकांत फलके से विभिन्न रचनात्मक विकास कार्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई।

उनके साथ उद्धव साबले और वसंतराव वव्हाडे भी उपस्थित थे। इस मौके पर भीलगांव ग्राम पंचायत पूर्व उपसरपंच चंद्रकांत फलके भी मौजूद रहे।

## हरिहर विद्यालय में शिक्षकों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

पारशिवनी.

हर साल 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पारशिवनी स्थित हरिहर विद्यालय में शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में बड़े उत्साह और सहभागिता के साथ संपन्न हुआ।



इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने मिलकर सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिक्षकों ने योग के लाभों को साझा करते हुए बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन मुख्याध्यापक एस.के. वानखेडे द्वारा किया गया। उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जगदीश मोहोड, ढोपरे, इटकीकर, मस्के, महलले, जयश्री निंबाळकर, खंते, ढोबळे, उके, बलीगवार, पटले, बोरकर, नंदेश्वर, गांवडे समेत विद्यालय के अनेक शिक्षक, शिक्षिका एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित यह आयोजन विद्यालय में स्वस्थ जीवन शैली और सामूहिक सहभागिता का अद्भुत उदाहरण बना। सभी उपस्थितजनोंने यह संकल्प लिया कि वे नियमित योग कर स्वयं को स्वस्थ और संतुलित बनाए रखेंगे।

## महादेव घाट योग केंद्र में तीन दिवसीय योग शिविर का समापन



कामठी.

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर के समापन पर महादेव घाट स्थित योगासन केंद्र के सदस्यों ने योग करो नीरोग रहो के संकल्प के साथ अपने दिनचर्या में शामिल करने की शपथ लेकर योग दिवस मनाया। योग दिवस पर योग शिक्षिका सृष्टि महावीर शर्मा का सत्कार किया गया।

पतंजलि से योगा शिक्षिका सृष्टि महावीर शर्मा के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, वज्रासन, ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध चक्रासन के साथ अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम योग कराया गया। सृष्टि शर्मा ने बताया कि भारत को योग गुरु कहा जाता है. शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी है। योग भारतीय संस्कृति से जुड़ा है, जिसका प्रसार अब विदेशों तक हो रहा है। योग से शारीरिक और मानसिक शांति मिलती है, इसलिए सभी को योग करना चाहिए। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष महेंद्र वाही, सचिव मोंटू भूटानी तथा वरिष्ठ पदाधिकारियों में प्रकाश सुखीजा, सारंग चौकसे, महादेव वैद्य, राजा देशमुख, रमेश चौरसिया, संजय गोयल, द्वारका पारवानी, विनोद उर्फ बिल्लू यादव, अशोक पाटिल, निर्मल दावानी, बबलू रोचलानी, रमेश कुल्लरकर, विवेक वाड़ीभस्मे, महेश अग्रवाल, नंदू चिखले, चंदू शिवरकर, नरेश कलसे प्रमुखता से काम उपस्थित थे। इस अवसर ओर संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र वाही ने सभी को योगासन ध्यान केंद्र में नित्य दिन योग होता है उसका लाभ लेने का आवाहन किया।

## एस पी सिंह पुनः निर्विरोध राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (पश्चिम) नियुक्त

### पीआरएसआई की वार्षिक बैठक में सम्मानित

नई दिल्ली.



पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) की वार्षिक आम बैठक और चुनाव शनिवार, 21 जून को नई दिल्ली में संपन्न हुआ। इस बैठक में एस पी सिंह को वर्ष 2025-27 के लिए पुनः निर्विरोध राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (पश्चिम) चुना गया। निर्वाचन अधिकारी प्रो. सुभाष सूद ने उन्हें आधिकारिक तौर पर घोषित किया। दो वर्ष पूर्व, जून 2023 में भी एस पी सिंह इसी पद पर निर्विरोध चुने गए थे। नागपुर चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष सिंह ने वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में सलाहकार (जन संपर्क) के पद से सेवानिवृत्ति के बाद वर्तमान में विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वीएनआईटी) में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। कार्यक्रम में प्रो. सूद ने डॉ. अजीत पाठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष, यूएस शर्मा, नरेंद्र मेहता एवं अनु मजूमदार को क्रमशः दक्षिण, उत्तर एवं पूर्व क्षेत्र का उपाध्यक्ष तथा डॉ. पी एल के मूर्ति को महासचिव और दिलीप चौहान को कोषाध्यक्ष घोषित किया। सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। नागपुर चैप्टर के अध्यक्ष यशवंत मोहिते सहित अन्य पदाधिकारियों ने एस पी सिंह को पुनः निर्विरोध चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस प्रकार एस पी सिंह की पीआरएसआई में उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता को फिर से मान्यता मिली है, जो संस्था के विकास एवं जनसंपर्क क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा।

PRSI

## जीआईटी क्रिकेट अकैडमी में विश्व योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

खापरखेडा.



जीआईटी क्रिकेट अकैडमी, चनकापुर (खापरखेडा) की ओर से विश्व योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष कार्यक्रम में योग शिक्षिका श्रीमती साधना प्रशांत चव्हाण के मार्गदर्शन में अकैडमी के प्रशिक्षणार्थी खिलाड़ियों ने सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया।कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों को योग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर होने वाले लाभों के बारे में बताया गया। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है और जीवन में आने वाले तनाव को कम करने में भी मदद मिलती है, इस पर विशेष रूप से जोर दिया गया।कार्यक्रम में गीता ठाकरे द्वारा योग शिक्षिका साधना चव्हाण का स्वागत और सत्कार किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा पांडव ने किया तथा आभार प्रदर्शन उत्कर्ष ठाकरे ने किया।इस कार्यक्रम की सफलता में उत्कर्ष ठाकरे, मिनाक्षी माने, स्नेहल खरात, गीता ठाकरे, किशोर आमले, ईश्वर ठाकरे, सिद्धि रॉय, अदिति यादव, प्रियल माने, यश कुरील, हेमंत चिकनकर, वेदांत शुक्ला, पूर्वांश माने, आदित्य पांडव, आरव चौरागड़े, रोहन आमले, स्वरूप मुस्करे, आर्यन चौरागड़े आदि ने सहयोग किया..

## प्रतिबंधित सुगंधित तंबाकू और पान मसाला बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.** शहर में चलाए जा रहे "ऑपरेशन थंडर अंतर्गत मादक व प्रतिबंधित पदार्थों की बिक्री व भंडारण के खिलाफ पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों में सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के अंतर्गत दिनांक 20 जून की रात 8:30 बजे से 11:00 बजे के बीच ईमामवाड़ा पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जाटतरोडी, इंदिरा नगर क्रमांक 1, आंबेडकर पुतले के पीछे रहने वाला भुषण उर्फ संकेत अनिल शेवे 20 वर्ष) अपने घर में प्रतिबंधित सुगंधित तंबाकू और पान मसाले का भंडारण कर उसे विक्री के लिए रखा हुआ है।

## गायत्री स्वास्थ्य उपवन में विश्व योग दिवस मनाया गया

**कामठी.** गायत्री स्वास्थ्य उपवन में विश्व योग दिवस पर विशेष योग सत्र का समापन हुआ जिसमें विशेष तौर कामठी पुलिस विभाग ने पूरे दलबल के साथ यह कार्यक्रम सम्पन्न करने अपनी भूमिका निभाई, वही नगरपरिषद कामठी, सुख शान्ति समाधान, भारतीय जनता पार्टी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अथक प्रयास किया। कार्यक्रम में विशेष योग प्रक्रिया अंतर्गत प्रज्ञा योग सहित शिथिलिकरण प्राणायाम औऱ ध्यान के साथ साथ गायत्री परिवार द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क बाल संस्कार शाला के बच्चों ने योग पर विशेष प्रस्तुति भी देकर कार्यक्रम को उपयोगी के साथ साथ रुचिकर भी बना दिया। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग की ओर से पी.एस.आई मीना झाड़े ने योग के अलावा नागपुर पुलिस द्वारा चलाई जा रही ड्रग्स विरोधी मुहिम की जानकारी दी.




# मानवटकर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने डी. फार्मा परीक्षा में हासिल किया शानदार सफलता

चंद्रपुर.






महाराष्ट्र राज्य तकनीकी शिक्षा मंडल द्वारा हाल ही में घोषित किए गए डी. फार्मा परीक्षा परिणामों में मानवटकर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। छात्रों की इस उत्कृष्ट उपलब्धि की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

डी. फार्मा द्वितीय वर्ष में तेजस्वी वारगंटीवार ने 78.82% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं मनीष पलसोकर ने 63.09% अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विवेक चांदेकर, पलक दास और तपेश दास ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर इस सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रथम वर्ष में पर्णिमा दिलीप रॉय ने 74.90% अंकों के साथ टॉप किया, जबकि अर्जुन राजीव चालखुरे ने 71.60% अंकों के साथ दूसरा और समृद्धि अमर झाडे ने 69.60% अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रगति सुरेश हेलवटे, वृषाली अशोक पाझारे, अर्पिता प्रशंतराव आंबोरे, किरण शामराव गोहोने आदि छात्रों ने भी अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर बैच की कुल सफलता में योगदान दिया।

इस उपलब्धि के पीछे छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मानवटकर कॉलेज ऑफ फार्मेसी हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत रहा है। चंद्रपुर जिले के प्रतिष्ठित कॉलेजों में गिने जाने वाले इस कॉलेज को अब तक दो बार शैक्षणिक गुणवत्ता और अधोसंरचना के लिए पुरस्कार मिल चुके हैं।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. लालचंद देव्हारे ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं और बधाई दी। साथ ही कॉलेज की अध्यक्ष डॉ. माधुरी मानवटकर, सचिव डॉ. प्रकाश मानवटकर, प्रा. शुभम शेंडे, प्रा. चांदनी प्रसाद, प्रा. प्रफुल उराडे, प्रा. साक्षी देवगडे, प्रा. मोनी डोर्लीकर, श्री. श्रीकांत पाटील सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

| शुभांक | | |
| --- | --- | --- |
| श्रीदेवी | 478-9 | 370-0 |
| श्रीदेवी नाईट | 168-5 | 338-4 |

